# ग्राम पंढरी से लगे खेतों में दो नन्हें शावकों के साथ तेंदुए को घूमता देख ग्रामीणों में दहशत

**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,20 अगस्त,** अपने दो नन्हें शावकों के साथ तेंदूए को पंढरी ग्राम से लगे खेतों के आसपास विचरण कर देख ग्रामीण,कृषकों तथा खेतिहर श्रमिकों में दहशत व्याप्त है,सूचना पर घटनास्थल पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने तेंदुए तथा उसके दो नन्हें शावकों के पगचिन्ह को देख इसकी पुष्टि करते हुए ग्रामीणों को सतर्कता बरतने की अपील की है।



नगरीय सीमा से लगे ग्राम मोहगांव ,सावजपानी ,चिररगोटा गोंदी,गांगतवाडा से लगे ग्राम पंढरी निवासी दिनेश तोमर के खेत के पास आज दोपहर लगभग 2:47 बजे एक मादा तेंदुए को उसके दो नन्हे शावकों के साथ विचरण करते हुए इसी ग्राम में रहने वाले युवा प्रगतिशील कृषक रोशन देवडा द्वारा देखते हुए इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी,घटना की गंभीरता को देखते हुए आनन-फानन में सिवनी सहायक परिक्षेत्र अधिकारी आर.के.गौतम तथा बड़चिचोली के सहायक परिक्षेत्र अधिकारी गुलाबराव धुर्वे अधीनस्थ वन कर्मचारियों के साथ घटनास्थल पहुंचे उन्होंने कृषक द्वारा बताए गए घटनास्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण करने पर तेंदुए तथा इसके दो नन्हे शावकों के पग चिन्हों की पुष्टि करते हुए वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि यह मादा तेंदुआ अपने दो छोटे शावक उसके साथ होने तथा उनकी सुरक्षा के चलते यह मादा तेंदुआ बहुत अधिक आक्रामक हो सकती है,यह इन शावकों के आसपास किसी को भी देख उस पर हमला कर सकती है,इसलिए इन्होंने सभी ग्रामीणों से संतर्कता बरतने की अपील की है। तेंदुए के खौफ से ग्रामीणों में हद शत व्याप्त है,ज्ञातव्य हो कि चार दिन पहले इस क्षेत्र के कृषक दुर्गादास पिता धनराज के गाय के बछड़े का शिकार किया था,वहीं अब इस तरह इस मादा तेंदुए को घूमात देख अब कोई भी कृषक तथा खेतीहर श्रमिक खेतों में तक जाने की हिम्मत नहीं जूटा पा रहे है।

## किसान के खेत के कोठे में बंधे गाय का बछड़े का तेंदुए ने किया शिकार

***नवभारत न्यूज, पांढुरना,20 अगस्त,*** *ग्राम बड़ चिचोली के कृषक प्रेमदास डोबले के खेत के कोठे में बंधे गाय के बछड़े का मादा तेंदुए ने अपने शावक के साथ शिकार किया,आज सुबह किसान को गाय के बछड़े का शत विक्षिप्त शव मिला,सूचना पर घटनास्थल पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने मादा तेंदूए तथा उसके शावक द्वारा ही गाय के बछड़े का शिकार करने की पुष्टि करते हुए ग्रामीणों को सतर्कता बरतने की अपील की है।बड़चिचोली निवासी कृषक प्रेमदास डोबले का गांव से लगकर ही पैतृक खेत है इसी खेत के एक कोने में किसान ने पालतू मवेशियों के लिए कोठा बनाया है,हमेशा की तरह ही बीते दिवस खेत में काम करने के बाद उसने अपने पालतू*

*मवेशियों को कोठे में बांध कर वापस घर लौट आया था,आज सुबह जब किसान खेत में पहुंचा तो इस कोठे से लगभग 100 मीटर दूर गाय के तीन वर्षीय बछड़े का खून से लहूलुहान शव दिखाई दिया,किसी जंगली पशु द्वारा इसका शिकार करने की संभावनाओं को देख वन विभाग के अधिकारियों को दी गई सूचना के बाद बड़चिचोली क्षेत्र के सहायक परिक्षेत्र अधिकारी गुलाबराव धुर्वे ने घटनास्थल पर पहुंचकर कि गई जांच में इस गाय के बछड़े का मादा तेंदुआ तथा उसके एक शावक द्वारा शिकार करने तथा घटना स्थल के आसपास इन दोनों के ही पगचिन्ह दिखाई देने की भी पुष्टि करते हुए ग्रामीणों को सतर्कता बरतने की सलाह दी है।*

*गौरतलब हो कि इस क्षेत्र के मादा तेंदुआ तथा उसके शावक विचरण कर रहें है,15 दिन पूर्व ग्राम लांघा में भी एक किसान के खेत के कोठे में बंधे तीन गाय के बछड़े का शिकार कर चूके है। इन जंगली घातक पशुओं के दहशत के चलते किसान तथा खेतीहर श्रमिक अब तो दिन के उजाले में भी खेतों में जाने से भी डर रहें है।*

## नगर में बढ़ती चोरी की घटनाओं को लेकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा

**नवभारत न्यूज़**
**सौसर 20 अगस्त.** सौसर क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की वारदातों एवं मंदिरों में हुई चोरी की घटनाओं को लेकर भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने थाना सौसर पहुंचकर थाना प्रभारी से मुलाकात की तथा ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सौसर क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। विशेष रूप से मंदिरों में हो रही चोरी से भक्तजनों एवं श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को गहरा आघात पहुंच रहा है। इन घटनाओं के चलते क्षेत्रवासियों में भी चिंता एवं असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। ज्ञापन के माध्यम से पुलिस प्रशासन से मांग की गई कि मंदिरों एवं क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए।

राहुल मोहोड़ ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि सौसर क्षेत्र में हो रही चोरी की वारदातों पर जल्द से जल्द रोक नहीं लगाई गई और पूर्व में हुई घटनाओं का खुलासा नहीं किया गया, तो भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी आगे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन देते समय मुख्य रूप से राहुल मोहोड़, दर्शन झाड़े, गोलू गजभिये, रामकृष्ण वाकोड़े, लाला पवार एवं सौरभ अढ़ाऊ उपस्थित रहे।

# सरपंच की सियासी खींचतान से रामाकोना का विकास ठप

## 3 माह से कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन, स्थानापन्न सरपंच ने सीईओ से मांगा प्रभार

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 20 अगस्त.** तहसील की चर्चित ग्राम पंचायत रामाकोना में सरपंच पद को लेकर चल रहा प्रशासनिक और राजनीतिक घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा। रोज नए ड्रामे के बीच गांव का विकास और ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं।

**स्थानापन्न सरपंच ने सीईओ को सौंपा पत्र**

गुरुवार को स्थानापन्न सरपंच ज्योति खंडाईत हाईकोर्ट से स्थगन आदेश मिलने के बाद जनपद पंचायत सीईओ कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने सरपंच पद का प्रभार तत्काल देने की मांग को लेकर पत्र सौंपा। ज्योति खंडाईत ने पत्र में कहा कि उच्च न्यायालय जबलपुर के रिट याचिका क्रमांक WP/33317/2026 के आदेश दिनांक 18/08/2026 में एसडीएम सौसर के दिनांक 31/07/2026 के स्थानापन्न निर्वाचन निरस्तीकरण आदेश को यथावत रखा गया है।

उन्होंने बताया कि एसडीएम सौसर के आदेश दिनांक 22/06/2026 के तहत म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज्य अधिनियम 1993 की धारा 38(ख) के अंतर्गत दिनांक 29/06/2026 को उन्हें स्थानापन्न सरपंच निर्वाचित किया गया था। अब कोर्ट के आदेश के बाद उन्हें सरपंच पद का प्रभार दिया जाए। प्रशासनिक जानकारी के अनुसार वर्तमान में सरपंच का प्रभार निर्वाचित सरपंच श्वेता गगन गोयल के पास है, लेकिन आर्थिक प्रभार अभी नहीं मिला है।

## गांव का विकास प्रभावित, कर्मचारी परेशान

सरपंच पद के गतिरोध के कारण ग्राम पंचायत में विकास कार्य ठप हैं। ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं के लिए भटक रहे हैं। पंचायत में आर्थिक प्रभार न होने से कोई काम स्वीकृत नहीं हो पा रहा। वहीं पंचायत में कार्यरत कर्मचारियों और मजदूरों को पिछले 3 माह से वेतन नहीं मिला है। कर्मचारी आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं। पंचायत के जिम्मेदारों का कहना है कि हम इसमें कुछ नहीं कर सकते। वहीं ग्रामीणों का सवाल है कि आखिर हम जाएं तो किसके पास जाएं। ग्रामवासियों ने प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप कर पंचायत का काम सुचारू रूप से चलाने और कर्मचारियों को वेतन दिलाने की मांग की है।

## ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में मनाई राजीव गांधी की जयंती

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 20 अगस्त.** नगर कांग्रेस कमेटी सौसर के तत्वावधान में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री एवं पंचायती राज व्यवस्था के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्व.राजीव गांधी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने स्व.राजीव गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा राष्ट्र निर्माण में उनके अविस्मरणीय योगदान को याद किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विजय चौरे ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने भारत को 21वीं सदी की ओर ले जाने का सपना देखा और देश के विकास को नई दिशा देने के लिए दूरदर्शी कदम उठाए। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने, युवाओं को आगे बढ़ाने तथा तकनीकी एवं संचार क्षेत्र में क्रांति की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उनकी सोच भविष्य के भारत को लेकर थी। आज देश तकनीक और संचार के क्षेत्र में जिस तेजी से आगे बढ़ रहा है, उसमें उनकी दूरदर्शी सोच की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने भी स्व. राजीव गांधी के जीवन एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलने तथा जनसेवा के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधायक विजय चौरे, वरिष्ठ नेता केशव बोढ़े,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र येमदे,सुनील भांगे,अतुल जूननकर,संजय ठाकरे, विलास बुले,डॉ.राजेंद्र सोमकुवर राजीव चौधरी, एल.पी. वाट,ज्ञानेश्वर गावंडे, अमरीश जायसवाल, गणेश चौरे,शाहिद सिद्दीकी, राजा बोढ़े, अनमोल आकोटकर, राजा कलस्कर, शैलेष कापसे, प्रफुल्ल कडू रत्नाकर गायकवाड़ जुबेर अली अनुभव रुघे आदि उपस्थित रहे।

## चलती ट्रैन से गिरने से अधेड़ घायल,हालत गंभीर

**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,20अगस्त,** ग्राम तिगांव के रेलवे स्टेशन पर मेमू ट्रैन से निचे गिरने से महाराष्ट्र का एक अधेड गंभीर रूप से घायल हो गया,जिसे रेलवे पुलिस द्वारा जन सहयोग से नगर जिला मुख्यालय के चिकित्सालय लाया जहां इसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए नागपुर रेफर किया गया।

रेलवे पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नगरीय सीमा से लगे ग्राम तिगांव रेलवे स्टेशन पर गुरूवार दोपहर को नागपुर से आमला की और जाने वाली मेमू ट्रेन से नीचे गिरने से सीमावर्ती महाराष्ट्र के ग्राम मोवाड़ निवासी विलास धकीते गंभीर रूप से घायल हो गया,स्टेशन मास्टर की सूचना पर पांढुरना से रेलवे पुलिस के आरक्षक प्रकाश तिवारी ने आनन-फानन में तिगांव रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर उक्त घायल को पांढुरना नगर जिला मुख्यालय के चिकित्सालय लाया जहां चिकित्सकों द्वारा इसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद इसे नागपुर रेफर किया गया।

## संत रविदास के विचारों को आत्मसात करे : कलक्टर श्री वशिष्ठ

**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना, 20 अगस्त,** संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर संत रविदास भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संत रविदास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा कलेक्टर श्री वशिष्ठ का आत्मीय स्वागत किया गया। समिति द्वारा पुलिस अधीक्षक श्री प्रकाश चंद्र परिहार का भी आत्मीय स्वागत किया गया।

दीप प्रज्वलन के उपरांत संत रविदास महाराज की आरती की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने संत रविदास जी के जीवन, विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने समाज को समानता, मानवता, सद्भाव और सेवा का मार्ग दिखाने का महान कार्य किया। उनके विचार आज भी समाज को एकता और समरसता की प्रेरणा देते हैं।

उन्होंने संत रविदास जी के अनमोल वचनों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संदेश व्यक्ति को बाहरी आडंबर के बजाय मन की शुद्धता और अच्छे विचारों को महत्व देने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के उपरांत कलश यात्रा निकाली गई,यह कलश यात्रा संत रविदास भवन से प्रारंभ होकर तीन शेर चौक, बस स्टैंड चौक सहित विभिन्न प्रमुख चौराहों से होते हुए पुन: संत रविदास भवन पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं एवं समाजजनों में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण रहा। कार्यक्रम में संत रविदास समिति के पदाधिकारी, सदस्य, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## आज नागपुर से आमला में मध्य चलने वाली मेमू ट्रैनों का संचालन पूरी तरह रहेंगा बंद

**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,20अगस्त,** जौलखेडा रेलवे स्टेशन पर इंटर लाकिंग के कार्य के चलते आज 21 अगस्त को एक दिन के लिए नागपुर से आमला तथा आमला से नागपुर आने-जाने वाली चारों मेमू ट्रैनों का संचालन बंद रहेंगा,जिससे इस इन शहरों,गांवों की और यात्रा करने वाले यात्रियों को बहुत अधिक परेशानियों को सामना करना पड़ेंगा ।

गौरतलब हो कि कोराना संक्रमण काल के बाद से रेलवे विभाग द्वारा नागपुर से आगरा तथा आमला से नागपुर जाने वाली पैसंजेर ट्रैन का संचालन पूरी तरह बंद कर,इसके स्थान पर अब रेलवे विभाग द्वारा आमला से नागपुर तथा नागपुर से सिर्फ आमला तक आने-जाने के लिए 24 घंटे में चार ट्रैनों जिसमें दो आने और दो जाने के लिए मेमू ट्रैन का संचालन किया जा रहा है। अब यह मेमू ट्रेन प्रतिदिन नागपुर से मेमू ट्रैन नंबर 61117 सुबह 9:10 मिनट से निकलकर गोधनी,भरतवाडा,पांढुरना,तिगांव आदि शहरों तथा गावों से होकर दोपहर 2 बजे आमला जंक्शन पहुंचती है,वहीं मेमू ट्रेन नंबर 61118 दोपहर 2:42 से आमला से निकलकर शाम 5:50 नागपुर पहुंचती है।

वहीं दूसरी मेमू ट्रैन नंबर 61120 आमला से सुबह 4:10 मिनट से प्रारंभ होकर सुबह 8:45 पर नागपुर स्टेशन पहुंचती है,वहीं नागपुर से ट्रैन नंबर 61119 नागपुर से 6:10 मिनट से प्रारंभ होकर रात 10:10 आमला पहुंचती है। इस मेमू ट्रैन से नागपुर से आमला तक के पैसेजर विशेषकर गरीब तथा मध्यम वर्ग के यात्रियों के लिए बहुत अधिक सुविधा हो रहीं है ।

वहीं रेलवे सूत्रों की माने तो ग्राम जौलखेडा स्टेशन पर 21 अगस्त को होने वाले इंटर लौकिंग के कार्य के चलते सिर्फ एक दिन के लिए 21 अगस्त दिन शुक्रवार को इन उक्त चारों ट्रैनों का संचालन पूरी तरह बंद रहेंगा,जिससे इन शहरों तथा गावों के यात्रियों को परेशानी होंगी ।

## आबकारी विभाग की कार्रवाई : 500 किग्रा महुआ लाहन किया नष्ट

**30 बल्क लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब की जब्त**

**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,20 अगस्त,** कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त पांढुर्णा द्वारा अवैध शराब के निर्माण एवं संग्रहण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज ग्राम खेड़ीधान एवं नीलकंठ में अवैध शराब के अड्डों पर दबिश देकर कार्रवाई की गई।

कार्यवाही के दौरान नालों एवं जंगल में झाड़ियों के पास अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब बनाने के उद्देश्य से पन्नियों एवं ड्रमों में एकत्रित लगभग 500 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। महुआ लाहन का सैंपल लेकर शेष लाहन को निर्मूल्य होने के कारण विधिवत नष्ट किया गया। साथ ही 30 बल्क लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त कर आबकारी विभाग के कब्जे में ली गई।उक्त कार्रवाई में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(1)(च) के अंतर्गत कुल 03 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए हैं।कार्यवाही में वृत्त प्रभारी अनिकेत पटेल, आरक्षक मुकेश राहांगडाले, सुश्री श्रद्धा राहंगडाले एवं अंकुश मरावी उपस्थित रहे।

## सौसर नगर बजरंग दल की कार्यकारिणी घोषित

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 20 अगस्त.** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड सौसर द्वारा जिला मंत्री गणेश प्रजापति जी की उपस्थिति एवं प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र भकने के निर्देशन में सौसर नगर की नवीन बजरंग दल कार्यकारिणी की घोषणा की गई। प्रखंड मंत्री राजू बनाइत की अनुशंसा पर नगर मंत्री अमित पाल द्वारा कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस अवसर पर प्रखंड उपाध्यक्ष सदारंग , प्रखंड संयोजक अनुराग कोसे , प्रखंड सह-संयोजक विशाल धकाते एवं नगर अध्यक्ष विनोद गजभिए उपस्थित रहे। नवीन कार्यकारिणी में अमन तिवारी नगर संयोजक, सौरभ राऊत सह-संयोजक, वैभव मोहोड गौरक्षा प्रमुख, तुषार वीरखरे सह-गौरक्षा प्रमुख एवं मयूर राऊत नगर सुरक्षा प्रमुख नियुक्त किए गए।

**चार तिर्थस्थलों के दर्शन कर 24 को वापस लौटेंगे**

## रामायण सत्संग मंडल के 71 तिर्थयात्रियों का जत्था अयोध्या रवाना

**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,20 अगस्त,** नगर के प्रसिध्द रामायण सत्संग मंड़ल के तत्वावधान में 71 तिर्थयात्रियों का जत्था दो बसों में सवार होकर अयोध्या की तिर्थयात्रा के लिए आज गुरूवार को नगर के रेलवे स्टेशन मार्ग के पास स्थित दुर्गा माता एवं हनुमान मंदिर में पुजा-आरती कर रवाना हुआ, यह तिर्थयात्रि सर्वप्रथम महैर,काशी ,प्रयागराज तथा अयोध्दा में दर्शन कर चार दिनों बाद नगर में वापस लौटेंगे। गौरतलब हो कि रामायण सत्संग मंडल द्वारा पूरे वर्ष भर नगर के रेलवे स्टेशन मार्ग पर स्थित दुर्गा माता एवं हनुमान मंदिर के साथ ही नगर सहित क्षेत्र के दूर दराज ग्रामों के विभिन्न सनातनी भक्तगणों के निवास पर भी जाकर संगीतमय सुंदर पाठ का वाचन करते है , जिसके चलते दिनों दिन इस रामायण सत्संग मंडल में धर्मप्रेमियों की संख्या निरंतर बढ़ते ही जा रहीं है। वहीं प्रतिवर्ष इस रामायण सत्संग मंडल के तत्वावधान में देश के विभिन्न धार्मिक स्थलों की यात्रा करते है,पिछले वर्ष इन तिर्थयात्रियों ने पचमढी तिर्थस्थल की यात्रा कि गई थी। वहीं इस वर्ष सभी ने एक राय होकर अयोध्या तिर्थस्थल की यात्रा करने की मंशा जाहिर करने पर समिति के तत्वावधान में अयोध्या की तिर्थयात्रा की जाने की रूपरेखा बनाते ही देखते ही देखते इस यात्रा के 71 तिर्थयात्रियों ने अपनी सहमती दे दी गई,गुरूवार को यह सभी तिर्थयात्री नगर के रेलवे स्टेशन मार्ग के दुर्गा मंदिर से विधिवत पुजा-आरती कर दो बसों में सवार होकर अयोध्दा के लिए रवाना हुए।

### महैर,काशी,प्रयागराज और आयोध्दा के करेंगे दर्शन

बताया जा रहा है कि यह सर्वप्रथम प्रदेश के महैर शक्तिपीठ पहुंचकर माता रानी के दर्शन करने के बाद काशी विश्वनाथ, फिर प्रयागराज तथा अंत में अयोध्दा में राम मंदिर में दर्शन करने के बाद आगामी 24 अगस्त 2026 की शाम तक वापस पांढुरना लौटेंगे।

## आज पांढुरना एवं सौसर में लगेंगे जन विश्वास अभियान के विशेष शिविर

**नव भारत न्यूज,पांढुरना,20 अगस्त,** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिले के नगरीय निकायों में प्रत्येक शुक्रवार को विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान 07 अगस्त 2026 से 08 जनवरी 2027 तक संचालित किया जाएगा। इसी क्रम में 21 अगस्त 2026 को नगर पालिका परिषद पांढुर्णा एवं नगर पालिका परिषद सौसर में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों का निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्यवाही की जाएगी। **प्रात: 9 बजे से होगा क्षेत्र भ्रमण एवं आवेदन प्राप्ति का कार्य** अभियान दिवस पर प्रात: 9 बजे से नगरीय निकाय के अधिकारी एवं कर्मचारी संबंधित वार्डों का भ्रमण कर नागरिकों से आवेदन एवं शिकायतें प्राप्त करेंगे। इस दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं लोक सेवाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली जाएगी तथा नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

जिन प्रकरणों का तत्काल निराकरण संभव नहीं होगा, उन्हें संबंधित विभाग को निर्धारित समय-सीमा में निराकरण के लिए प्रेषित किया जाएगा। साथ ही प्रकरणों की निरंतर मॉनिटरिंग करते हुए समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने नगर पालिका परिषद पांढुर्णा एवं नगर पालिका परिषद सौसर क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे 21 अगस्त को आयोजित विशेष शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं पात्रता से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करें तथा शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

# सौंसर में चोरों के हौसले बुलंद : सिविल लाइन स्थित तीन मंदिरों में चोरी,

**अष्टधातु की मूर्ति और नकदी पर किया हाथ साफ**

**नवभारत न्यूज**
**सौंसर, 20 अगस्त,** नगर के सिविल लाइन क्षेत्र में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक साथ तीन मंदिरों को निशाना बनाकर सनसनी फैला दी। बेखौफ चोरों ने जैन मंदिर, सहस्त्रबाहु मंदिर और संत गाडगे महाराज मंदिर में धावा बोलकर अष्टधातु की कीमती मूर्ति सहित दान पेटियों में रखी नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

वारदात के दौरान शातिर चोरों ने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से जैन मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और स्थानीय श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। मामले को लेकर तीनों मंदिरों के प्रबंधकों व संचालकों ने सौंसर थाने पहुंचकर चोरी की लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायत मिलने के बाद पुलिस मामले की गहन जांच में जुट गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी रूपलाल उईके ने बताया कि मंदिर परिसर व आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। संदिग्धों की तलाश जारी है और जल्द ही चोरी की इन वारदातों का पर्दाफाश कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।